## महत्वपूर्ण एवं खास

### कोल इंडिया लिमिटेड की 'निर्माण' योजना से रायगढ़ जिले के यूपीएससी 2024 प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी को एक लाख की मिलेगी वित्तीय सहायता

**रायगढ़।** कोयला इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के अंतर्गत NIRMAN (नोबल इनीशिएटिव फॉर रिवार्डिंग मेन्स एस्पिरेंट्स ऑफ नेशनल सिविल सर्विस एग्जामिनेशन) योजना की शुरुआत की है। इसके तहत, यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन (यूपीएससी) द्वारा आयोजित 2024 के सिविल सेवा और वन सेवा परीक्षा के प्रारंभिक चरण में उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों को, जो इसके खनन जिलों से हों, प्रति व्यक्ति 1 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करने का निर्णय किया है। इस योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया आदि के बारे में अधिक जानकारी निम्नलिखित लिंक पर जाकर https://www.coalindia.in/departments/csr/ प्राप्त कर सकते हैं। पात्र अभ्यर्थी आवेदन कर योजना का लाभ उठा सकते हैं।

### लाईवलीहुड कॉलेज में विभिन्न कोर्स में निशुल्क गैर आवासीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत रायगढ़ जिले के शासकीय प्रशिक्षण केन्द्र लाईवलीहुड कॉलेज में संचालित प्रशिक्षण में इलेक्ट्रिशियन (10वीं), सिलाई मशीन (5वी), प्लंबर (5वीं), इलेक्ट्रिशियन डोमेस्टिक सॉल्यूशन(8वीं) एवं रिटेल सेल्स एसोसिएट (10वीं) कोर्स में नि:शुल्क गैर अवासीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं, जिसमें बचे हुए सीटों की पूर्ति के लिए प्रवेश लिया जा रहा है। प्रशिक्षण हेतु न्यूनतम आयु 18 से 40 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षण उपरांत सफल प्रशिणार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इच्छुक युवक-युवतियां लाईवलीहुड कॉलेज, केआईटी कॉलेज के पास, अग्रसेन आईटीआई के बगल में, उड़ीसा रोड, गढ़उमरिया रायगढ़ में समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अथवा लाईवलीहुड कॉलेज रायगढ़ के मोबाईल नं 7828507391, 7879409320, 6261726791, 9302413761, 9171276343 एवं 9755940953 से संपर्क कर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### जिले में 242.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 4 जुलाई तक 242.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 35.7 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 272.6 मिली मीटर, पुसौर में 316.3, खरसिया में 196.1, घरघोड़ा में 242, तमनार में 173.2, लैलूंगा में 234.3, मुकडेगा में 280.8, धरमजयगढ़ में 183.7, छाल में 269.2 एवं कापू में 255.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### रायगढ़ स्टेडियम बैडमिंटन हॉल रायगढ़ में प्रशिक्षक चयन के लिए वॉक इन इंटरव्यू 15 जुलाई को

**रायगढ़।** भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) भोपाल म.प्र. द्वारा जिला रायगढ़ में बैडमिंटन खेल हेतु खेलो इण्डिया लघु केन्द्र की स्वीकृति प्रदाय किया गया है। उक्त खेलो इण्डिया लघु केन्द्र बैडमिंटन हेतु 01 प्रशिक्षक की नियुक्ति वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से किया जाना है। इंटरव्यू 15 जुलाई 2024 को दोपहर 12:30 बजे से 2 बजे आयोजित होगी। इच्छुक अभ्यर्थी 15 जुलाई को सुबह 10 बजे तक अपने शैक्षणिक योग्यता संबंधी दस्तावेज एवं बैडमिंटन खेल से संबंधित समस्त आवश्यक खेल प्रमाण-पत्र की मूल प्रति सहित कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण जिला-रायगढ़ में उपस्थित होकर वॉक इन इंटरव्यू में भाग ले सकते है। आवश्यकतानुसार बैडमिंटन खेल का कौशल परीक्षण, अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत करना होगा। इस संबंध में किसी प्रकार की अन्य जानकारी हेतु कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण, रायगढ़ में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते है।

### कोसीर क्षेत्र के आँगनबाड़ी कार्यकर्ता- सहायिका भर्ती हेतु दावा आपत्ति 10 जुलाई तक आमंत्रित

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कोसीर अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती के लिए 10 जुलाई 2024 तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया है। इसके अंतर्गत आँगनबाड़ी कार्यकर्ता पद हेतु आंगनबाडी केन्द्र सिलादेई एवं ऑगनबाड़ी सहायिका हेतु आंगनबाडी केन्द्र खैरा बडे, अण्डोला-3, जशपुर-3, भांठागांव-2, उधरा-2, कोतरी-2. कोतरी-3, खैरा छोटे-3 और मचलाडीह के रिक्त पद की पूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये थे। सभी केंद्रों के लिए प्राप्त आवेदनो का मूल्याकन समिति द्वारा सूक्ष्म परीक्षण उपरात अनतिम मूल्यांकन पत्रक तैयार किया जाकर दावा आपत्ति हेतु प्रकाशन किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत जिले की दो छात्राएं हुई लाभान्वित

- मुख्यमंत्री साय ने बबिता एवं उमा को सौंपा 2-2 लाख रूपये का चेक
- श्रमिकों के मेधावी बच्चों को प्रोत्साहन राशि एवं दो पहिया वाहन खरीदने हेतु मिली राशि

**रायगढ़**



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में श्रम विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के 13 बच्चों को कुल दो-दो लाख रूपए का चेक प्रदाय किए। जिसमें रायगढ़ जिले की दो छात्राएं बबिता पटेल एवं उमा बरेठ शामिल थी। इस अवसर पर प्रदेश के श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि एक लाख रूपए तथा दोपहिया क्रय के लिए दी जाने वाली एक लाख रूपए का चेक शामिल है। योजनान्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चे जो कक्षा 10वीं एवं 12वीं में शिक्षा सत्र 2023-24 में अध्ययनरत तथा छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित परीक्षा वर्ष 2023-24 में निर्माण श्रमिक के 13 बच्चे टॉप-10 सूची में शामिल है।

सहायक श्रमायुक्त घनश्याम पाणिग्रही ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रम विभाग रायगढ़ अंतर्गत छ.ग.भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में नर्मदा बरेठ पति अनिल बरेठ एवं मोंगरा पटेल पति परमानंद पटेल पंजीकृत हितग्राही है। नर्मदा बरेठ की पुत्री कु.उमा बरेठ एवं मोंगरा पटेल की पुत्री कु.बबीता पटेल जो कि छ.ग.माध्यमिक शिक्षा मंडल के तहत कक्षा 10 वीं में टॉप-10 में उत्तीर्ण हुई है जिसमें कु.उमा बरेठ ने सातवां एवं कु बबीता पटेल ने 10 वां स्थान प्राप्त की है। विभाग में मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी छात्र-छात्रा शिक्षा सहायता योजना एवं दो पहिया वाहन सहायता योजना संचालित है। उक्त योजनाओं हेतु हितग्राही के बच्चे कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 12 वीं में टॉप-10 में उत्तीर्ण होते है तो उन्हें मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत राशि एक लाख एवं दो पहिया वाहन सहायता योजना के तहत राशि एक लाख कुल 2 लाख का प्रोत्साहन राशि प्रदाय किया जाता है। उक्त योजना हेतु हितग्राही का पंजीयन 90 दिवस पूर्व का होना अनिवार्य है। उक्त योजनाओं के तहत दोनों छात्राएँ जो कि टॉप-10 में स्थान प्राप्त की है उन्हें श्रम विभाग द्वारा मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेघावी शिक्षा सहायता योजना एवं दो पहिया वाहन सहायता योजना के तहत मुख्यमंत्री द्वारा 2-2 लाख का चेक वितरण कर लाभांवित किया गया है।

# रामपुर से गोवर्धनपुर मार्ग का मरम्मत कार्य लगातार जारी

**रायगढ़**



बारिश के कारण रामपुर से गोवर्धनपुर मार्ग में काफी गड्डे हो गए थे। जिसकी वजह से इस मार्ग पर भारी वाहनों के आवागमन बाधित होने के साथ जाम की स्थिति निर्मित हो रही थी। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने वाहनों के आवाजाही सुचारू व सुरक्षित करने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को सड़क मरम्मत के निर्देश दिए थे। इसके साथ ही कलेक्टर गोयल मरम्मत कार्य की नियमित मॉनिटरिंग भी कर रहे है।

कलेक्टर गोयल के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़को के गड्ढों का नियमित भराव कर भारी वाहनों की आवाजाही शुरू कर दी गई है। एसडीओ पीडब्ल्यूडी मुरारी सिंह नायक ने बताया कि पिछले तीन दिनों से लगातार सड़क मरम्मत हेतु गड्ढों में स्लैग का भराव किया गया है। नीचे बड़े स्लैग डालकर सड़क को समतल किया जा रहा है। गड्ढों से पानी निकासी की व्यवस्था भी की जा रही है। जिससे सड़क पर भारी वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से हो सके। उन्होंने बताया कि यह मरम्मत का कार्य लगातार जारी रहेगा, ताकि भारी वाहनों की आवाजाही बाधित न हो।

उल्लेखनीय है कि रामपुर से गोवर्धनपुर मार्ग में रोजाना सैकड़ों भारी वाहनों की आवाजाही होती है। इससे इस मार्ग में बारिश के दौरान गड्ढे में वाहनों के फसने के कारण वाहनों की लंबी कतार लग रही थी। जिसके कारण पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा नियमित रूप से गड्ढों का भराव कर रहे है, जिससे वर्तमान में भारी वाहनों का सुचारू आवागमन जारी है।

# कोई भी विद्यार्थी स्कूल प्रवेश से न रहे वंचित

- शिक्षक विद्यालय में निर्धारित समयावधि में शत-प्रतिशत रहे उपस्थित
- विद्यालय संचालन के संबंध में डीईओ ने स्कूलों को जारी किए दिशा निर्देश

**रायगढ़**



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जिला शिक्षा अधिकारी को नये शिक्षण सत्र से बेहतर विद्यालय संचालन के संबंध में निर्देश दिए थे। उक्त निर्देश के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला ने जिले के समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं प्रायार्यों को स्कूल संचालन हेतु दिशा-निर्देश जारी किए है। उन्होंने कहा कि स्कूल में कोई भी विद्यार्थी प्रवेश से वंचित न रहे उन्हें नियमानुसार प्रवेश दिलाएं। जिन विद्यालयों में बच्चे नहीं आ रहे है उनके पालकों से संपर्क स्थापित कर शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। शासन द्वारा जो भी योजनाएं चलायी जा रही है जैसे मध्यान्ह भोजन, पाठ्य पुस्तक, गणवेश वितरण का लाभ समय पर शत-प्रतिशत बच्चों को उपलब्ध कराएं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में यदि स्कूल बंद होते है तो शासन द्वारा दी जाने वाली मध्यान्ह भोजन योजना के तहत सुखा राशन वितरण कराएं। निर्धारित समयावधि में सभी शिक्षक विद्यालय में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें। हाई/हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में प्रारंभ से ही प्रयोग शाला, पुस्तकालयों का उपयोग एवं रख-रखाव करें। विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शाला संचालित होने, अवकाश आदि के समय निगरानी रखते हुए विशेष सावधानी बरते। जिन शासकीय विद्यालयों में मरम्मत, जीर्णोद्धार, अतिरिक्त कक्ष निर्माण आदि कार्य चल रहे है वे निर्माण एजेंसी से समन्वय कर शीघ्र कार्य पूर्ण कराएं। जो विद्यालय भवन जर्जर/अतिजर्जर है ऐसे भवनों में बच्चों को सुरक्षा की दृष्टि से वहां न बैठाये एवं आपस में समन्वय कर वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करें।

# पुलिस कंट्रोल रूम में रथ यात्रा और मोहर्रम पर्व को लेकर ली गई शांति समिति की बैठक

**रायगढ़**

दिनांक 04/07/2024 को पुलिस नियंत्रण कक्ष रायगढ़ में नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला एवं एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी द्वारा रथ यात्रा और मोहर्रम पर्व को लेकर रथ यात्रा समिति एवं शहर के मुस्लिम समुदाय प्रमुखों के साथ शांति समिति की बैठक ली गई।

विदित हो कि जिले में 07 और 08 जुलाई को रथ यात्रा पर्व मनाया जावेगा जिसे लेकर कल एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, थाना प्रभारी कोतवाली सुखनंदन पटेल द्वारा रथ यात्रा समिति के लोगों के साथ मिलकर रथ यात्रा के रूट का निरीक्षण किया गया। शांति समिति बैठक में रथ यात्रा समिति द्वारा जानकारी दी गई कि 07 जुलाई को भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा जी को समलाई मंदिर से उनके रथ में बिठाया जावेगा। रथ मंदिर के बाहर मोतीमहल परिसर में खड़ी रहेगी। यहां दर्शनार्थी दर्शन कर सकेंगे और शाम को मंदिर परिसर में मेला लगेगी। दूसरे दिन 08 जुलाई को रथ नगर भ्रमण करेगी। समिति द्वारा रथ यात्रा के रूट में खड़े चार पहिया वाहन, मकान निर्माण सामाग्री इत्यादि को हटा लेने तथा बिजली तारों को व्यवस्थित करने कहा गया। अधिकारियों ने रथ यात्रा के पूर्व रूट को क्लीयर करा लेना बताए तथा रथ यात्रा के दिन कई मार्गो को डाइवर्ट और वन-वे करने की जानकारी दिये।

वहीं अधिकारियों ने मुस्लिम समुदाय से मोहर्रम पर्व पर निकाले जाने वाले मातमी जुलूस ताज़िया और अखाड़े की जानकारी लिया गया। समाज प्रमुखों ने 17 जुलाई को चांदनी चौक, मोमिनपुरा, तुर्कापारा, इंदिरानगर, फटहामुड़ा, मधुबन पारा, प्रेमनगर, जूटमिल व कई वार्ड से दोपहर के नमाज अदा बाद ताज़िया और अखाड़ा शहर के प्रमुख मार्गो में निकाले जाने की जानकारी दिये। मुस्लिम समाज के लोगों ने त्योहार के दिन एंबुलेंस एवं प्रमुख चौक में प्रकाश की अतिरिक्त व्यवस्था को लेकर चर्चा किया गया। बैठक में उपस्थित बिजली विभाग के अधिकारियों ने त्योहार के पूर्व व्यवस्था सुनिश्चित करना बताया गया। नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा दोनों त्योहारों में पर्याप्त पुलिस व्यवस्था लगाये जाने की जानकारी देते हुए बताये कि त्योहार को लेकर सोशल मीडिया पर भी पुलिस की नजर है। प्रशासन व पुलिस की दोनों त्योहारों को शांति और सौहार्दपूर्ण रूप से मनाए जाने की अपील की गई। बैठक में उत्कल समाज के नारायण प्रसाद मिश्रा, राजेंद्र कुमार षड़ंगी, जगन्नाथ समिति के नीलकंठ साहू, दिनेश षड़ंगी तथा मुस्लिम समुदाय प्रमुख- शेख सलीम नियारिया पूर्व सभापति, रेहान वारसी बीड़पारा, शानू खान चांदनी चौक, मोहम्मद उवेश, मोहम्मद करीम, मोनू अली मोमिनपुरा, जाकिर अली जूटमिल, समीर खान जूटमिल, नूर मोहम्मद जूटमिल, शेख मंसूर मधुबन मोमिनपुरा, मोहम्मद मिराज मोमिनपुरा, साहिल खान मोमिनपुरा तथा वरिष्ठ पत्रकार हरे राम तिवारी, शेख ताजीम, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल, उप निरीक्षक जी.एल. साहू थाना चक्रधरनगर, सहायक अभियंता आर.के. देवांगन, के.के.पटेल एवं जिविशा प्रभारी उप निरीक्षक डीपी साहू मौजूद रहे।

# शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के उपस्थिति की डेली रिपोर्ट भेजें जिला कार्यालय- सीईओ यादव

- स्कूलों का करें सतत् निरीक्षण, अनुपस्थित शिक्षक एवं कर्मचारियों पर करें कड़ी कार्यवाही
- 'उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम' के सफल क्रियान्वयन के संबंध में दिए निर्देश
- सीईओ जिला पंचायत यादव ने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों की ली बैठक

**रायगढ़**




सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने आज जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने ने सभी स्कूलों के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के उपस्थिति रिपोर्ट प्रतिदिन दोपहर 12 बजे तक जिला कार्यालय भेजने के निर्देश दिए। सीईओ यादव ने सभी स्कूलों को कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों की साप्ताहिक परीक्षा लेने तथा परिणाम के रिकार्ड हर स्कूल को संधारित करने के निर्देश दिए। जिससे प्राप्त परिणाम के आधार पर विकासखण्ड की रैंकिंग की जाएगी। इस दौरान उन्होंने जिला, ब्लाक एवं संकुल स्तर के अधिकारियों को अपने अधीनस्थ स्कूलों में सतत निरीक्षण करने एवं अनुपस्थित कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए।

सीईओ जिला पंचायत यादव ने 'उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम' के सफल क्रियान्वयन हेतु समीक्षा की। जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में अनुशंसित 'उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम' प्रारंभ हो चुका है। सत्र 2024-25 में 35 हजार असाक्षरों को साक्षर करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसमें 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के असाक्षरों को पूर्ण साक्षर किया जाएगा। सीईओ जिला पंचायत यादव ने कहा कि 'उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम' के तहत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के अतिरिक्त वित्तीय साक्षरता, कानूनी साक्षरता, डिजिटल, पर्यावरण एवं मतदान साक्षरता के साथ ही आपदा प्रबंधन, वाणिज्य कौशल, स्वास्थ्य जागरूकता, परिवार कल्याण, व्यवसायिक कौशल विकास आदि पर भी साक्षरता प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि 200 घंटे अध्यापन के पश्चात आगामी सितम्बर व मार्च में आयोजित होने वाले एफएल नेट परीक्षा के माध्यम से शिक्षार्थियों का मूल्यांकन किया जाएगा एवं सफल शिक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। साथ ही कार्यक्रम अंतर्गत नवसाक्षरों को समतुल्यता कार्यक्रम के माध्यम से प्रारंभिक स्तर, मध्य स्तर और माध्यमिक स्तर की समतुल्यता प्रदान करना है। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक, डाईट प्राचार्य, एपीसी समग्र शिक्षा, समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त ब्लाक नोडल अधिकारी, समस्त विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक शामिल रहे।

# खाद्य औषधि प्रशासन की टीम ने सारंगढ़ में की जांच

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**



जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, नियंत्रक खाद्य औषधि प्रशासन और कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने वर्षा ऋतु में दूषित जल से होने वाली संक्रमित बीमारियों को देखते हुए जिला मुख्यालय सारंगढ़ के विभिन्न होटलों और दुकानों में कार्रवाई की। सारंगढ़ शहर में ज्यादा खपत होने वाले दूध दही पनीर आदि खाद्य पदार्थो का जांच करते हुए कई फर्मों का निरीक्षण किया गया जिसमें काव्या डेयरी, पंजाबी चूल्हा, दीक्षा इंटरप्राइजेज, गगन प्रोविजन, लजीज बिरयानी, हरियाणा जलेबी शामिल है। पंजाबी चूल्हा से दही एवं पनीर एवं दीक्षा इंटरप्राइजेस से पनीर का नमूना जांच हेतु लिया गया। निरीक्षण के दौरान सभी को खाद्य पदार्थों के सही रख रखाव, पीने के पानी का उचित पात्र में साफ स्वच्छ जल का भंडारण करने, खाद्य पदार्थ को मक्खी से बचाव हेतु ढककर रखने खाद्य पदार्थों में खाद्य रंग का सीमित मात्रा में उपयोग करने, खाद्य पदार्थों को रखने में अखबारी पेपर का उपयोग नहीं करने, फ्रेश तेल में तीन बार से अधिक खाद्य पदार्थों को नही तलने, एक्सपायरी डेट वाले खाद्य पदार्थों का उपयोग नहीं करने एवम साफ सफाई रखने के दिशा निर्देश दिए गए।

# महिला को अश्लील मैसेज भेजने वाले आरोपी को खरसिया पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

**रायगढ़**

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल रायगढ़ के दिशा-निर्देशन पर महिला संबंधी अपराधों में पुलिस संवेदनशीलता के साथ विवेचना कार्यवाही कर रही है। इसी कड़ी में खरसिया पुलिस द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) रामगोपाल करियारे एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खरसिया प्रभात पटेल के मार्गदर्शन पर यौन उत्पीड़न के अपराध में कल फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक 01 मई 2024 को थाना खरसिया में स्थानीय महिला द्वारा ताराचंद पटेल निवासी सक्ती के विरुद्ध मोबाइल पर अश्लील बातें कर मानसिक रूप से परेशान करने के संबंध में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया। पीड़ित महिला ने बताया कि शासकीय कार्य को लेकर 01 मई को सहायक शिक्षक ताराचंद पटेल को कॉल की जिस पर ताराचंद पटेल अश्लील बातें करने लगा जिससे उसका कॉल काटी दी। उसके बाद से ताराचंद पटेल अश्लील मैसेज करने लगा जिससे परेशान होकर ताराचंद पटेल पर कार्यवाही करने लिखित शिकायत थाने में दी। थाना खरसिया में महिला की आवेदन पर अपराध क्रमांक 256/ 2024 धारा 509 (ख) आईपीसी के तहत ताराचंद पटेल के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दिया गया। आरोपी गिरफ्तारी के डर से फरार होकर लुकछिप रहा था। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा फरार आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश टीआई कुमार गौरव साहू को दिए। टीआई कुमार गौरव द्वारा आरोपी की सूचना देने मुखबिर लगा रखे थे कि कल मुखबीर सूचना पर खरसिया पुलिस द्वारा सक्ती में दबिश देकर आरोपी ताराचंद पटेल पिता स्व. मनिराम पटेल उम्र 41 वर्ष साकिन मरकामगोढ़ी थाना व जिला सक्ती को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां आरोपित का जेल वारंट जारी होने से आरोपी जेल दाखिल किया गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक कुमार गौरव साहू थाना प्रभारी खरसिया, महिला प्रधान आरक्षक सरोजनी राठौर, आरक्षक. विशोप सिंह, प्रदीप तिवारी, बजमोहन नायक का विशेष योगदान रहा है।

# डेंगू से बचाव के लिए पिछले वर्ष के हाट स्पॉट क्षेत्रों में दें विशेष ध्यान, सोर्स रिडक्शन पर करें कार्य -सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव

- डेंगू से बचाव के लिए लोगों को जागरुक करने के दिए निर्देश
- डेंगू नियंत्रण के संबंध में सीईओ जिला पंचायत ने ली नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग की बैठक

**रायगढ़**



सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने आज जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में डेंगू नियंत्रण के संबंध में नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त बैठक ली। उन्होंने पिछले वर्ष के डेंगू के हाट-स्पॉट क्षेत्रों में विशेष ध्यान देते हुए सोर्स रिडक्शन पर अभी से कार्य करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी एवं सीएमएचओ डॉ.बी.के. चंद्रवंशी सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

सीईओ यादव ने डेंगू के लक्षण एवं उसके बचाव के संबंध में संक्षिप्त ऑडियो विजुअल क्लीपस बनाकर लोगों तक प्रसारित करते हुए जागरूक करने हेतु कहा। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को टीम बनाकर मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से प्रत्येक घर में भेंट कर सोर्स रिडक्शन कार्य किए जाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही स्कूल परिसर में भी जाकर बच्चों को डेंगू से बचाव के संबंध में जानकारी दें।

सीईओ यादव ने कहा कि अपने कार्यालय, निवास एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई रखें तथा पानी जमा नहीं होनें दे एवं शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। सीईओ यादव ने कहा कि डेंगू रोग के विषय में जनजागरूकता के लिए जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित कराए। जिसमें डेंगू से बचाव से संबंधित नारा लेखन, मितानिन व कार्यशाला के माध्यम से डेंगू होने के कारण, इसके लक्षण तथा इससे बचाव से संबंधित आवश्यक उपायों की जानकारी दें। उन्होंने डेंगू से बचाव हेतु हर संभव प्रयास करने हेतु निर्देशित किया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480